BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
COMPILED BY MEDIA CELL (03.10.2024)

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 04.10.2024, PAGE-04

17 वर्षों बाद मिली विश्वविद्यालय को मेजबानी

- ईस्ट जोन के विश्वविद्यालयों के बीच होने वाली प्रतियोगिता के लिए आयोजक होगा बीआरएबीयू
- बास्केटबाल महिला प्रतियोगिता की मिली मेजबानी, एआइयू ने जारी किया स्पोर्ट्स कैलेंडर

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को 17 वर्षों के बाद पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। विश्वविद्यालय को बास्केटबाल महिला प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। ईस्ट जोन के तहत आने वाले विश्वविद्यालयों के बीच होने वाली प्रतियोगिता के लिए अब बीआरएबीयू का नाम आयोजक विश्वविद्यालय के रूप में स्वीकृति मिली है। इसको लेकर एआइयू की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 के लिए एआइयू की ओर से स्पोर्ट्स कैलेंडर जारी किया गया है। इसमें अखिल भारतीय स्तर पर पुरुष और महिला वर्ग में विभिन्न खेलों के लिए मेजबान संस्थाओं की सूची जारी की गई है। एआइयू की ओर से अभी प्रतियोगिता की तिथि जारी होना बाकी है। दूसरी ओर ईस्ट जोन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि भी अब तक जारी नहीं हो सकी है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को वर्षों बाद किसी खेल प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि एलएन मिश्र कालेज आफ बिजनेस मैनेजमेंट में मैच कराए जाएंगे। इसको लेकर विश्वविद्यालय के स्तर से भी तैयारियां होंगी। वहीं संस्थान के स्तर से भी पूर्व में खेलों की मेजबानी के लिए एआइयू को प्रस्ताव भेजा गया था। इसी आधार पर यह स्वीकृति मिली है। पूर्व आइएएस और विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सलाहकार डा. संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि यह विश्वविद्यालय के लिए उपलब्धि है। वर्षों बाद किसी भी खेल की मेजबानी मिली है।

विश्वविद्यालय कबड्डी टीम के लिए ट्रायल आज: चांसलर कप (कबड्डी) में हिस्सा लेने के लिए बीआरए बिहार विश्वविद्यालय कबड्डी टीम के गठन के लिए शुक्रवार को ट्रायल होगा। एलएस कालेज में विश्वविद्यालय टीम के गठन के लिए चयन प्रतियोगिता होगी। प्राचार्य डा. ओपी राय और विश्वविद्यालय क्रीड़ा सचिव कांतेश कुमार इसका उद्घाटन करेंगे। इसमें 18 कालेजों के 150 महिला और पुरुष खिलाड़ियों की एंट्री प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय की टीम पटना में 15 से 20 अक्टूबर तक होने वाले छह दिवसीय अंतर विश्वविद्यालय चांसलर कप कबड्डी महिला और पुरुष प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

आरडीएस कालेज में इंटर कालेज बैडमिंटन प्रतियोगिता आज

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय मे अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत शुक्रवार से होगी। आरडीएस कालेज मे दो दिनो तक चलने वाली इंटर कालेज बैडमिंटन (पुरुष, महिला) प्रतियोगिता मे दर्जनों खिलाड़ी अपनी भागीदारी करेंगे। महिला वर्ग मे 15 तो पुरुष वर्ग मे 16 कालेजों की टीम शामिल होंगी। प्रतियोगिता के आधार पर विश्वविद्यालय टीम का गठन होगा। इसके बाद यह टीम ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन प्रतियोगिता मे विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। कुलपति प्रो. डीसी राय और स्पोर्ट्स काउंसिल के सचिव डा. कांतेश कुमार प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। आरडीएस कालेज की प्राचार्य डा. अनिता सिंह ने बताया कि कालेज के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे है।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 04.10.2024, PAGE-08

विवि में सेमेस्टर थर्ड और फोर्थ का सिलेबस बदलेगा

- सिलेबस में पाई गई कई गड़बड़ियां
- कई अध्याय से नहीं बन पा रहे सवाल

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में स्नातक के तीसरे और चौथे सेमेस्टर के सिलेबस में बदलाव होगा। सिलेबस में कई तरह की गड़बड़ियां पाई गई हैं। इसे ठीक करने के लिए विवि प्रशासन ने काम करना शुरू कर दिया है। एक से दो दिन में नया सिलेबस जारी हो जायेगा।

हाल में ही कॉलेजों को तीसरे सेमेस्टर का सिलेबस तैयार कर भेजा गया था, लेकिन कई कॉलेजों ने सिलेबस में विसंगतियां बता दीं। कॉलेजों ने कहा कि थर्ड सेमेस्टर के सिलेबस में मल्टी डिसिप्लिनरी कोर्स में सिर्फ कोर्स का नाम लिखा हुआ है। कोर्स में क्या-क्या पढ़ना है, इसका जिक्र नहीं है। मॉड्यूल ठीक से नहीं बनाया गया है। कॉलेजों का कहना था कि नये सिलेबस से छात्रों के लिए सवाल तैयार करना कठिन हो जाएगा। कॉलेजों के पत्र के बाद विवि प्रशासन ने थर्ड सेमेस्टर के सिलेबस को ठीक करने का फैसला लिया है। थर्ड सेमेस्टर के साथ चौथे सेमेस्टर का सिलेबस भी विस्तृत तौर पर तैयार किया जाएगा।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 04.10.2024, PAGE-08

विवि में फिर बनेंगे मुख्य परीक्षक

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में होने वाले मूल्यांकन में फिर मुख्य परीक्षक बनाने की कवायद शुरू हुई है। परीक्षा विभाग को पटरी पर लाने के लिए गुरुवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने परीक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। परीक्षा में देरी होने पर कुलपति ने नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि हर हाल में सत्र नियमित रहना चाहिए। बैठक में पार्ट थ्री की कॉपियों की जांच नहीं होने और लगातार रिजल्ट में एक और दो नंबर से छात्रों को फेल करने का भी मुद्दा उठा। कुछ अधिकारियों ने कहा कि विवि में पहले की तरह मुख्य परीक्षक की व्यवस्था अपनानी चाहिए। शिक्षकों की कमी को देखते हुए कॉपी जांच में रिटायर शिक्षकों को भी रखने का प्रस्ताव दिया गया। बैठक में इस प्रस्ताव को पास कराने की बात अधिकारियों ने की।